तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान मेला-सह ...



11 हजारों परिंदों और जीव-जंतुओं के लिए अभयारण्य...



# नवागढ़ में दोपहर बाद मौसम बदला आधे घंटे की बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बुधवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश ने नगरवासियों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत दी। बारिश के दौरान आसमान गहरे बादलों से घिर गया था। ठंडी हवा के साथ बूंदाबांदी ने मौसम को सुहाना बना दिया। हालांकि बारिश के बाद तेज धूप निकलने से उमस और बढ़ गई है। बारिश के कारण कई इलाकों के रास्ते कीचड़ से भर गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। खासकर बाजार और आवासीय इलाकों की गलियां कीचड़ की समस्या से जूझ रही हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से समय पर सफाई और नाली व्यवस्था ठीक करने की मांग कर रहे हैं।

## तेज धूप और उमस ने बढ़ाई परेशानी



### हल्की बारिश बोआई के लिए पर्याप्त नहीं: किसान

किसानों का कहना है कि यह हल्की बारिश बुवाई के लिए पर्याप्त नहीं है। वे तेज और नियमित बारिश के इंतजार में हैं ताकि खेतों में पानी भर सके और बुवाई का कार्य शुरू हो सके। वरिष्ठ किसान रोशन धर दीवान कहते हैं कि हमारे खेत अभी सूखे पड़े हैं। आज हुई बारिश से बहुत राहत नहीं मिली। हमें जल्दी ही अच्छी बारिश की जरूरत है ताकि बुवाई समय पर हो सके और फसल अच्छी हो। वहीं, किसान कृष्णा यादव ने कहा कि बारिश के बिना खेतों में बुवाई करना मुश्किल होगा। हमने बीज तैयार कर रखे हैं, लेकिन बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

### बारिश का है इंतजार

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में तेज धूप और उमस के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम की जानकारी लेते रहें और बुवाई के लिए सही समय का इंतजार करें। **नालियों की होगी सफाई: नपं अध्यक्ष:** नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि बारिश के बाद कीचड़ और जलजमाव की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा हम जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराकर सड़क मार्गों को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे ताकि आवागमन में परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप

### 12वीं पास गणित और बायो के छात्रों को डेयरी डिप्लोमा में मिलेगा प्रवेश

**बेमेतरा।** जिले के दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम चोरभट्टी में संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी विषयों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश की अनुमति दी गई है। यह निर्णय जिले एवं प्रदेश के उन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिन्हें 12वीं कक्षा में गणित अथवा बायोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण होने के बाद तकनीकी शिक्षा के उचित अवसरों की कमी का सामना करना पड़ता था। गौरतलब है कि चोरभट्टी स्थित इस डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) पाठ्यक्रम, डेयरी उद्योग की तेजी से बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को व्यावसायिक एवं तकनीकी दक्षता प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने वाले छात्रों को न केवल रोजगार एवं स्वरोजगार के बहुआयामी अवसर प्राप्त होते हैं, बल्कि प्रदेश के शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी डेयरी संस्थानों को भी स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होते हैं, जिससे बाहरी राज्यों पर निर्भरता कम होती है। वर्तमान में इस महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी विषयों से उत्तीर्ण विद्यार्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर डेयरी सेक्टर में अपना उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

### केंवाछी में कबीर प्रकट उत्सव मनाया गया



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय समीप ग्राम केंवाछी में ग्रामवासियों ने सद्गुरू कबीर साहब का 627 वां प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया । आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि सुबह 9 बजे गुरु महिमा पाठ बरसाईत महात्म पाठ, दोपहर 3 बजे कबीर कुटी में निशान पुजा, शाम 4 बजे ग्राम भ्रमण सद्गुरू कबीर साहब की शैल चित्र के साथ माताओं बहनों के द्वारा कलश यात्रा, सत्संग मंडली ग्राम बहुनवागांव एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह शरबत एवं स्वल्पाहार वितरण की स्टाल लगाए गए थे। संध्या 7 बजे सामूहिक सात्विक आनंदी चौंका आरती महंत श्री दम्मन दास जी साहेब के द्वारा सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात भोजन भण्डारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ग्राम अमोरा में भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम अमोरा मे धूमधाम से कबीर प्रकट उत्सव के दौरान कबीर आश्रम मे चौका आरती किया गया और शाम को श्रद्धालुओ के लिये भंडारे का आयोजन किया गया है कार्यक्रम का आयोजन कबीर आश्रम पुजारी महंत निरंजन साहू,आमीन माता महिला मण्डल, नवजागरण समिति, युधिष्ठिर साहू, हेमू साहू ,युगल साहू, टिकेश्वर वर्मा ,धर्मेंद्र वर्मा ,जोगी साहू ,जगदीश वर्मा एंव समस्त ग्राम वासी ने अपनी सहभागिता दी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दो बाइकों की आपस में भिड़ंत से एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा घटनास्थल से फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाइक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि भारत पेट्रोल पंप के पास नंदिनी रोड पर अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 07 सीके 4643 में सवार होकर आ रहे ग्राम गिरहोला नंदिनी निवासी रघुवीर को जमकर ठोकर मार दिया।

## एक सप्ताह में समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर कार्यालय के घेराव करने का ऐलान

# विद्युत कंपनी में नियम विरुद्ध कार्य लेने से कर्मियों की मौतों पर टीएमसी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संचारण-संधारण संभाग साजा के अंतर्गत विद्युत विभाग में कार्यरत

- बाह्यस्त्रोत टीएमसी-एफ़ओसी में नाराजगी कार्यादेश के विपरीत कार्य कराने पर सौंपा ज्ञापन और दिया अल्टीमेटम

बाह्यस्त्रोत टीएमसी-एफओसी से कार्यादेश के विपरीत कार्य कराया जा रहा है जिस पर कार्यरत बाह्यस्त्रोत टीएमसी- एफ़ओसी ने नाराजगी जाहिर करते हुए सहायक श्रम आयुक्त बेमेतरा, कार्यापालन अभियंता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड साजा व बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा ।

उल्लेख किया गया कि लगातार बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों के साथ आये दिन पोल में चढ़कर कार्य करने से हादसे से मृत्यु हो रहे है जबकि टीएमसी-एफओसी का उक्त कार्यादेश के तहत कुशल एवं अकुशल दोनों प्रकार के श्रमिक कार्यालयों में कार्यरत है। जिनका कार्य नियमानुसार मुख्य कार्य डीओ फ्यूज/सर्किट जोड़ना एवं एल टी लाइन सम्बंधित जमीनी स्तर का कार्य कराना है। परन्तु जाउटशोर्स बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों के द्वारा जानकारी मिल रहा है कि लाइन स्टॉफ एवं सहायक व कनिष्ठ अभियंता के द्वारा दबाव पूर्वक ट्री कटिंग/एलटी लाइन /11केवी लाइन एवं 33 केवी लाइन पोल में चढाकर कार्य काराया जाता है। जिसके कारण पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसी के चलते भविष्य में दुर्घटना कि सम्भावना बनी रहती है। यदि श्रमिकों द्वारा पोल में चढ़कर कार्य करने से मना करने कि स्तिथि में लाइन स्टॉफ एवं सहायक/कनिष्ठ अभियंता और ठेकेदारों के द्वारा कार्य से निकलने कि धमकी दिया जाता या दूसरे कहीं दूर कार्यस्थल पर स्थानांतरण कर दिया जाता है। जो कि यह नियमों का उल्लंघन भी किया जा रहा है। आउटसोर्स बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों से 8 घंटे ड्यूटी के बजाय कोई भी समय या कहीं भी बुलाकर 24 घंटे कार्य कराया जा रहा है जो गलत है। टेंडर एवं श्रम नियमानुसार 7 से 10 तारीख के बीच प्रतिमाह सैलरी देने का है। लेकिन 2 से 3 माह के बाद मासिक वेतन दिया जाता है और कलेक्टर दर में बेतन नहीं देकर कटौती किया जा रहा है और विभाग से बिल भी पास किया जा रहा है। कलेक्टर दर पर कुशल 11135 रुपये अकुशल 9768 रुपये में फर्म के द्वारा दबाव बनाकर श्रमिकों से हस्ताक्षर कराया जाता है।श्रमिकों को वेतन कुशल 8000 रुपये, अकुशल 7000 रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है तो बाकि वेतन कटौती की संपूर्ण अंतर की राशि श्रमिकों को दिया जाए, वेतन काटने से श्रमिक प्रताड़ित एवं आक्रोषित है। इन्ही सारे समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह के भीतर किये जाने अपितु मजबूरन कार्यपालन अभियंता ऑफिस का घेराव करने हेतु बाध्य रहेंगे। जिनकी संपूर्ण जवाबदारी विद्युत विभाग एवं शासन प्रशासन की रहेगी।



### हादसों में कर्मचारियों की हो रही मौत

छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन प्रदेश महामंत्री चुम्मन लाल साहू ने बताया किविद्युत विभाग में कार्यरत बाह्यस्त्रोत टीएमसी-एफओसी से कार्यादेश के विपरीत कार्य कराया जा रहा है जिससे लगातार बाह्यस्रोत कर्मचारियों के साथ आये दिन पोल में चढ़कर कार्य करने से हादसा दुर्घटना से मृत्यु हो रहे है जबकि टीएमसी-एफओसी का उक्त कार्यादेश के तहत कुशल एवं अकुशल दोनों प्रकार के श्रमिक कार्यालयों में कार्यरत है। जिनका कार्य नियमानुसार मुख्य कार्य डीओ फ्यूज/सर्किट जोड़ना एवं एल टी लाइन सम्बंधित जमीनी स्तर पर कार्य कराना है। उक्त मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### मुझे जानकारी नहीं

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड साजा डीई मनीष शुक्ला ने बताया कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। वही डीई बेमेतरा जेएस भटनागर को दूरभाषा के माध्यम से संपर्क करने पर उनके द्वारा कोई जवाब नहीं मिला।

# युक्तियुक्तकरण से 345 शिक्षकों की पदस्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिले के सभी शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक विद्यालयों, जिनमें प्राथमिक, पूर्व

- प्रक्रिया के तहत दो प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक 249, शिक्षक 56 व व्याख्याता 37 की स्थापना

माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय शामिल हैं ।काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों का पदांकन किया गया। यह काउंसलिंग प्रक्रिया प्रातः 9 बजे से स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में संपन्न हुई। जिले के कन्या आश्रम शाला मारो को छोड़कर कोई भी विद्यालय अब शिक्षक विहीन या एकल शिक्षक नहीं है परंतु कन्या आश्रम शाला विद्यालय में छात्र संख्या 66 है। आश्रम शाला के प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षकों के स्वीकृत पद टी- संवर्ग के अंतर्गत हैं, जबकि जिले में टी- संवर्ग के सहायक शिक्षक उपलब्ध न होने के कारण यह विद्यालय अभी शिक्षक विहीन बना हुआ है।

इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) 2, प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक शाला) 1, सहायक शिक्षक 249, शिक्षक 56 तथा व्याख्याता 37 सहित कुल 345 शिक्षकों की पदस्थापना की गई। समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश भारद्वाज, प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जे. के. घृतलहरे, प्राचार्य. जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा उपस्थित थे । अतिशेष शिक्षको की काउंसलिंग द्वारा प्रथम पदस्थापना आदेश प्रदान करते मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल मुख्य एसडीएम प्रकाश भारद्वाज , संयुक्त संचालक शिक्षा, आर एल ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी डा कमल कपूर बंजारे द्वारा प्रदान किया गया।

# बुजुर्गों की सेवा व सम्मान से जीवन का बढ़ता है गौरव : विधायक दीपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में "हमारे बुजुर्ग – हमारी धरोहर" थीम पर स्वास्थ्य मेला और दाई बबा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित बुजुर्गों, पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों का पुष्प माला व तिलक लगाकर सम्मान किया और सभी को श्रीफल भेंट किए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, वय वंदन कार्ड, सहारे के लिए स्टिक का वितरण की । उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया।

**आयुष्मान योजना का लाभ उठाएं:** विधायक दीपेश साहू ने कहा कि "हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उनकी सेवा और सम्मान करना हम सबका दायित्व है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि जिले में संचालित आयुष्मान भारत योजना, वय वंदन कार्ड जैसी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाएँ और स्वस्थ जीवन जीएँ। बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मैं इस आयोजन में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ और उनके स्वस्थ और सशक्त जीवन की कामना करता हूँ* *कार्यक्रम में पेंशनर वरिष्ठ योगाचार्य दिलहरन तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ एवं डीएचओ डॉ. अशोक बसोड़ और डीपीएम सुश्री लता बंजारे ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य मेला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, आरएमओ डॉ. दीपक मीरे, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, आयुष्मान एनसीडी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड बनाए गए और उन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए जागरूक किया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बुजुर्गों के सम्मान एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजगता को सुदृढ़ करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### कॉपर स्क्रैप चोरी करने वाले 4 पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बीएसपी का फर्जी गेटपास बनाकर कॉपर चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि 31 मई की सुबह कार सीजी 07 सीवाई 1564 बोरिया आउट गेट से बाहर निकाल रहा था। इस दौरान सीआईएसएफ गेट पर चेकिंग के लिए रोक लिया। तभी आरोपी शिवम यादव ने अन्य व्यक्ति के नाम का गेट पास को फर्जी तरीके से बनाकर पेश कर दिया। आरोपी शिवम ने दोस्त मनोज कुमार वर्मा का भी गेटपास उसी तरह तैयार किया था। फिर संयंत्र के भीतर प्रवेश करते थे। आरोपियों ने कोकओवन-सीसीडी एरिया के पास पड़े हुए स्क्रैप कॉपर केबल टुकड़ा 240 किलोग्राम को चोरी कर कार में लादकर निकल रहे थे। जिसकी कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है।

# लिमाही चौराहे के टूटा डिवाइडर से दुर्घटना की आशंका, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक निर्माण विभाग बेमेतरा के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय बेरला के लिमाही चौंक पेट्रोल पंप के पास अर्ध टूटा डिवाइडर क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की बड़ी संभावना बनी हुई है। आपको बता दें कि बेरला राजकीय मार्ग से भिंभौरी और उरला-रायपुर को जाते है। वही लिमाही चौंक पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर अर्ध टूट कर अपनी सतह से 60 डिग्री झुक जाने से यात्रियों व राहगीरों सहित वाहनों के लिए बड़ी खतरा होने की संभावना बनी है। यह स्थिति महीनों से बने होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग बेमेतरा एसडीओ व सब इंजीनियर मौन व अनदेखा कर बड़ी दुर्घटनाओं का मौका इंतजार में बैठे हुए है। बेरला मुख्यालय के प्रत्यक्षदर्शियों व नगर पंचायत बेरला के अध्यक्ष सहित जनमानस भी इस गंभीर समस्या के बारे में कई बार संबंधित विभाग को अवगत करा चुके है। जिसके बाद भी अभी तक कोई परिणाम नजर नहीं आये। जिला बेमेतरा में सड़क दुर्घटना बड़ी हुए है। वही दूसरी तरफ सड़क व डिवाइडर के मिनी कट व ब्रेकर न होने के कारण अत्यधिक दुर्घटना बढ़ा हुआ है। इससे लोग काल के गाल में समा चुके है। लेकिन शासन प्रशासन इन सड़कों की सुध नहीं ले रहे है। मरम्मत के अभाव में डिवाइडर क्षतिग्रस्त पड़े हुए है।



### अंधेरे में जनहानि का खतरा

दो पहिये वाहन हो या बड़ी ट्रेलर बेरला मुख्यालय से रायपुर राजमार्ग की ओर जा रहे हो और रात के अंधेरे में अर्ध टूटा डिवाइडर कहीं दिखाई नहीं दिए तो टक्कर के भारी नुकसान व जनहानि होने का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। फिर भी सम्बंधित विभागीय इंजीनियर व एसडीओ इस समस्या से अनजान बनना अपने आप में एक सवाल खड़ा कर है। उक्त एक तरफ रायपुर और दूसरी तरफ बेमेतरा रोड की ओर डिवाइडर युक्त दो लाइन सड़क का निर्माण हुआ है। ताकि लोगों को आने-जाने में कोई प्रकार की समस्या न हो। लेकिन डिवाइडर ही टूट कर सड़क के बीच में आने से खतरा बना हुआ है उसके लिए जिम्मेदार कौन होंगे।

## नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने आत्मानंद स्कूल परिसर में किया पौधारोपण

# जीवन का आधार पेड़-पौधों की सुरक्षा हम सब की है जिम्मेदारी : नपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद गौरव साहू, नीतू कोठारी, सिमरन ताम्रकार, विकास तंबोली, लक्की साहू एवं स्कूल के प्रोफ़ेसर चटर्जी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण के प्रहरी हैं। ये न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने, वर्षा लाने और जलवायु को संतुलित रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज से 50-100 साल पहले छत्तीसगढ़ हरियाली से आच्छादित था। बेमेतरा क्षेत्र में चारों ओर घने पेड़-पौधे और जलस्त्रोतों में वर्षभर पानी रहता था। लेकिन बीते कुछ दशकों में तेजी से पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण को गंभीर संकट की ओर धकेल दिया है। अब समय आ गया है कि हम पुनः हरियाली की ओर लौटें। सिन्हा ने ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट की बढ़ती चुनौती की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि हम पेड़ों को भी अपने जीवन की तरह महत्व देते, तो आज पर्यावरण प्रदूषण और जल संकट जैसी समस्याएं सामने नहीं आतीं। आज हमें वृक्षारोपण को सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बनाना होगा।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने वृक्षों की देखरेख करने की जिम्मेदारी लेने की शपथ ली। कार्यक्रम में लगभग 40 पौधों का वृक्षारोपण किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है, बल्कि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न करता है।



### जल संरक्षण विषय पर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता हुई, विजेताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में इस दौरान जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता भी रखी गई थी। चित्रकला प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के मिडिल, हाई व हायर सेकेंडरी स्तर के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जल संकट की गंभीरता से विद्यार्थियों को अवगत कराना एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शैलू साहू, द्वितीय झरना साहू एवं तृतीय पुरस्कार चेतना एवं गुंजन (सृजन पब्लिक स्कूल) को प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सृष्टि शर्मा, द्वितीय दुर्गावती श्रीवास एवं तृतीय प्रियंका (ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल) को मिला।

# बायो-सीएनजी लगाने 1 रुपए वर्गफीट में मिलेगी अधिकतम 10 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत दिनों राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि, मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आवंटन किया जाना है।

बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है। विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आवंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## भूमि आवंटन के लिए राज्य शासन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किया परिपत्र

### दुर्ग-भिलाई सहित छग में बिछ रही प्राकृतिक गैस पाइप लाइन

छत्तीसगढ़ में कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसकी बिक्री की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। दूसरी तरफ, परिवहन विभाग में सीएनजी वाहनों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इसे भी शुरू किया जाना है।




### जमीन आवंटन के साथ खुलेंगे सीएनजी पंप

सीएनजी पंप विस्तार के लिए अडाणी समूह ने इंडियन ऑयल व बीपीसीएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों से भी समझौता किया है। इनके पंप स्टेशनों में सीएनजी पंप भी शुरू किए जा रहे हैं। वर्तमान में वाहन निर्माता कंपनी विभिन्न फ्यूल पर चलने वाले वाहनों की सूचना प्रदेश के पंजीयन विभाग को देती है, तब वह उसके पंजीयन के लिए होम एलोकेशन जारी होता है। इसके बाद ही पंजीयन हो पाता है। फिलहाल पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड व इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीयन प्रदेश में हो रहा है। आरटीओ पोर्टल पर सीएनजी का विकल्प अब तक नहीं है। राज्य शासन यदि सीएनजी वाहनों के पंजीयन का भी परिपत्र जारी कर देता है तो यह दिक्कत दूर होने की बात कही जा रही है। बता दें कि दुर्ग जिले में कुम्हारी, उतई में सीएनजी पंप शुरू हो चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन शिविर 10 से 27 जून तक

**दुर्ग।** दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृध्दि करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार जिले के तीनों विकासखण्डों में 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने तथा नवीनीकरण करने ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर का आयोजन 10 से 27 जून तक किया जाएगा। उपसंचालक समाज कल्याण अमित सिंह से मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत 10 जून को ग्राम पंचायत अंजोरा ख, 12 को ग्राम पंचायत नगपुरा एवं 13 जून को ग्राम पंचायत निकुम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत 18 जून को, ग्राम पंचायत रानीतराई 19 जून को, ग्राम पंचायत बटरेल एवं 20 जून को ग्राम पंचायत जामगांव एम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा के अंतर्गत 25 जून को ग्राम पंचायत दारगांव, 26 जून को ग्राम पंचायत लिटिया सेमरिया एवं 27 जून को ग्राम पंचायत मुरमुंदा में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य शतरंज संघ ने किया मोहंती का स्वागत



**दुर्ग।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के आयोजन समिति के सदस्य इंटरनेशनल रेटेड शतरंज खिलाड़ी, फिडे आर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्चर रंजन मोहंती के रायपुर प्रवास पर छग आर्बिटर कमीशन के चेयरमेन अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन बिलासपुर में पदस्थ रंजन मोहंती को छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने शतरंज को आगे बढ़ाने वलोकप्रिय बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। स्वागत करने वालों में रॉकी देवांगन, रोहित यादव, आशुतोष शर्मा आदि शामिल थे।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 जून को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 6 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रिलायंस निप्पोन लाईफ इंश्युरेंस कं लि के 8 पद एवं स्वीग्गी लिमिटेड के 72 पद, कुल 80 रिक्त पदों के लिए भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें डेव्हलपमेंट ऑफिसर के 8, एचआर एक्सक्यूटिव के 2 पद एवं डिलीवरी एक्यूटिव के 70 पद है। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 15000 रूपए से 40000 तक है तथा 10वीं, 12वीं एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## नई पहल : हितग्राहियों का अपने घर का सपना होगा साकार, रियायती दर में लाभ

# तीस फीसदी सस्ते दर पर बिकेगा हाउसिंग बोर्ड के 400 मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

राज्य शासन द्वारा हाउसिंग बोर्ड के मकानों को तीस फीसदी सस्ते दर पर बेचने के फैसले लिया गया है। इस फैसले के बाद हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बने सभी मकानों का रेट निर्धारित कर आनलाइन आबंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

अलग खबर

इन मकानों को छूट देकर बेचने पर 28 लाख का मकान अब बीस लाख में मिलेगा, वहीं अन्य मकान के दर भी कम होगें।

इस निर्णय के बाद हाउसिंग बोर्ड अब करीब चार सौ मकान को वन टाइम सेटलमेंट के तहत बचेगी। जानकारी अनुसार हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बनाए गए मकान की अब तक बिक्री नही होने से करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। दुर्ग जिले के तालपुरी, चरोदा हाईट, परसदा कुम्हारी और खारून में बनाए गए करीब चार सौ से अधिक मकान है। जिसके चलते बोर्ड का करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा वर्ष 2017-18 में इन चारों पास इलाको में सैकडों मकान बनाए गए थे। वर्तमान में करीब चार सौ से अधिक मकान की बिक्री नही हो पाई हैं। अधिकारियों ने बताया कि, राज्य शासन को आबंटित नही किए गए मकानों की जानकारी भेजी गई थी। बताया गया कि, इन मकानों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत सस्ते दर पर बिक्री आनलाइन प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

## ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत करानी होगी बुकिंग, मिलेगा मालिकाना हक



### मंत्रिमंडल में लिए गए यह निर्णय

राज्य शासन के मंत्रिमंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को (**One time settlement**) एकमुश्त निपटान हेतु लागत मूल्य (बेस रेट) से 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 30 प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय लिया गया। हालांकि इसके पहले भी तालपुरी में बनाए गए मकानों को बेचने के लिए वन टाइम सेटलमेंट की स्कीम शुरू की गई थी। इस योजना का लाभ मार्च 2024 तक लागू था। बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ भी उठाया।

### छूट से पहले: 3 से 28 लाख तक के मकान

जानकारी अनुसार तालपुरी में एमआईजी 28.74 लाख व ईडब्ल्यूएस 3.41 लाख के मकान, चरोदा में एलआईजी टू बीएचके 10.66 लाख से 11.68 लाख तक मकान और खारून हाईट्स में एलआईजी टू और थी बीएचके प्लैट 23.42 लाख से 33.67 लाख तक वही एमआईजी टू बीएचके प्लैट 20.73 से 26.46 लाख व परसदा कुम्हारी में चार लाख 55 हजार से लेकर 29 लाख तक स्वतंत्र और प्लैट बिक रहे है। यहां परसदा को छोड सभी जगह फ्लैट टाइप के मकान है।

### यहां बिकने को इतने मकान उपलब्ध

जानकारी अनुसार रिहायसी इलाको तालपुरी में 60 मकान जिसकी कीमत 19 करोड, चरोदा हाईट में 70 मकान जिसकी कीमत आठ करोड, परसदा कुम्हारी में 250 मकान जिसकी कीमत 23 करोड और खारून में 39 मकान, जिसकी कीमत 10 करोड है। इनके बनने के बाद अब तक आबंटन नही हो पाया हैं।

### छूट के बाद इतने सस्ते हो जाएंगे मकान

जानकारी अनुसार पुराने मकानों पर तीस फीसदी छूट दिया गया है, जिसमें परसदा, कुम्हारी दुर्ग ईडब्ल्यूएस, एलआईजी फ्लैट व एमआईजी थ्री बीएचके 3.75 लाख और बीस लाख पांच हजार निर्धारित है। वहीं खारून ग्रीन्स, कुम्हारी दुर्ग एमआईजी टू बीएचके पन्द्रह से 24 लाख 38 हजार रूपए, चरोदा हाईट्स टू और थ्री बीएचके 6 लाख 55 हजार और आठ लाख पांच हजार में उपलब्ध है। वहीं तालपुरी भिलाई एमआईजी प्लैट टू बीएचके 20 लाख 72 हजार है। इसके आलावा पाटन में अटल आवास वन बीएचके में दस फीसदी छूट के बाद यह दो लाख 48 हजार में मिलेगा। वहीं जुनवानी भिलाई, कोलिहापुरी और पद्मनगर भिलाई तीन में व्यवसायिक मकान बेची जा रही है।

# कमिश्नर ने कहा- शिक्षकों का अटैचमेंट करें समाप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने आज संभाग आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-

■ संभाग आयुक्त ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

निर्देश दिए। साथ ही शासन स्तर के लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक पहल करते रहने के निर्देश दिए। उन्होने कहा अभी कई शिक्षको का अटैंचमेंट किया गया, जिन्हे तत्काल स्कूल भेजे।

उन्होंने अधिकारियों से मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु विभागीय कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने और लोगों में नशा की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर एनसीसी, एनएसएस एवं स्काऊट गाईड के विद्यार्थियों का नशा के खिलाफ जन-जागरूकता रैली सभी नगरीय निकायों में आयोजित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को नशे के आदी और नशे के हालत में माहौल खराब करने या किसी प्रकार की गड़बड़ होने की संभावना हो तो गोपनीय तौर पर जानकारी उपलब्ध कराने कहा। ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध समय पर कड़ी कार्यवाही किया जा सके।

### दुग्ध समिति गठित करने के निर्देश

संभाग आयुक्त ने संभाग के प्रत्येक पंचायत में प्राथमिक सहकारी समिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिलों में अधिक से अधिक दुग्ध समिति गठित किया जाए। संभाग के 2444 पंचायत में से 1349 पंचायत प्राथमिक सहकारी समितियों से कव्हर कर लिये गये हैं। आयुक्त ने कहा विभिन्न कार्यालयों में शिक्षकों को अटैच किए जाने पर चिंता जाहिर करते हुए उक्त शिक्षकों की सेवाए संबंधित शालाओं में सौपने तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया। यदि शिक्षक शाला में नहीं लौटते तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा।

# किसानों की समस्याओं का कृषि रथ के माध्यम से किया जा रहा समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत कृषि रथ किसानों की समस्या के समाधान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग के विस्तार अधिकारियों के साथ दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम सेलूद और फेकारी में पहुंचा। किसान खरीफ की खाद और बीज की तैयारी में जुटे हुए थे, कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के बीच पहुंचकर उन्नत तकनीक की जानकारी के साथ, धान में करगा, धान सोमना बन, पेनीकल माइट किट, धान में काई की समस्या, धान में कंसे के समय में पौधे का लाल होना जैसी कई समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सेलूद के सरपंच अखिलेश मारकंडे, फेकारी के जनपद सदस्य राम सुमेर छेदइया, सरपंच योगेंद्र साहू, समिति अध्यक्ष पारखत सिंह साहू एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सेलूद में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ एसएस टुटेजा ने भी शिरकत की और कृषकों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ विजय जैन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने सहभागिता ली। क़ृषि विभाग पाटन से मुकेश मंडरिया, ममता बंजारे एवं अन्य क़ृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

■ कृषि रथ पहुंचा सेलूद एवं फेकारी

# महापौर ने तकियापारा वार्ड का जाना हाल, वार्डवासियों से की चर्चा

**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नगर निगम के तकनीकि अमला के साथ नाली, नाला साफ-सफाई कार्य देखने वार्ड नं 8 पहुँचे। उन्होंने तकियापारा में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो सफाई, नाली सफाई एवं पानी के संबंध में वार्डवासियों से चर्चा किए। उन्होंने तकियापारा के लुचकी तालाब क्षेत्र, इमाम चौक, बम पारा के अलावा चुना लाइन, नवाब मार्ग सहित अशरफ नगर क्षेत्र में घुमकर लोगों से चर्चा कर कहा कि आगामी बारिश के मौसम में वर्षा जनित बीमारी से बचने साफ सफाई रखें। अपने आस-पास पानी जमाव की स्थिति निर्मित न होने दें। नाली और सड़कों में कचरा न डालें, डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही कचरा डाले। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा नाली नालो की सफाई कराई जा रही है, इसमें सहयोग करें और नाली में मलमा आदि न डाले। पार्षद श्री रिजवी के तकियापारा में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग पर संबंधित उप अभियंता को प्रक्रिया करने कहा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता मोहित भरकाम, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, प्रकाश अहीर, गौतम साहू, रामलाल भट्ट, मनोहर शिंदे व सहित निगम का अमला उपस्थित थे।



# स्वच्छता दीदियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ, कहा- निरन्तर चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को दुर्ग नगर निगम द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छता दीदियों ने शपथ ग्रहण कर वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम में शामिल होकर शपथ ली। महापौर अलका बाघमार ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस हर साल पांच जून को मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। यह एक महत्वपूर्ण दिन है जो दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण के मुद्दों के बारे में सोचने और कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करता है। पर्यावरण विभाग प्रभारी काशी राम कोसरे ने बताया कि दुर्ग नगर पालिक निगम ने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता दीदियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को बचाने और संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया। नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया, ताकि पर्यावरण को हरा-भरा किया जा सके। पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दुर्ग नगर पालिका निगम ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उसे बचाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

■ पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक करने का संकल्प




# दो वर्ष बाद भी नहीं हटाया गया पुल से बोल्डर और पत्थर, होगी परेशानी

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित महात्वाकांक्षी योजना समाधान शिविर के उद्देश्यों को सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी बेखौफ ठेंगा दिखा रहे हैं, जिससे सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है साथ ही साथ जनता को अपनी समस्याओं से निजात भी नहीं मिल पा रहा है। इसका एक ज्वलंत उदाहरण बोरसी-हनोदा मार्ग पर बना पुल है। रिसाली से होकर पुलगांव की ओर जाने वाले नाले पर उक्त पुल को बने लगभग 2 वर्ष बीत गया है। निर्माण के दौरान खोदी गई मिट्टी और सीमेंट के बड़े-बड़े बोल्डर को ठेकेदार द्वारा नाले में ही छोड़ दिया गया है। परिणाम स्वरुप विगत बरसात में नाले का पानी ओवरफ्लो हो गया था। इस वर्ष भी मानसून सर पर है और विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों व शिविरों में नागरिकों द्वारा उक्त समस्या उठाने के बाद भी अधिकारी अनसुना किए बैठे हैं। परिणाम स्वरुप पुनः बारिश में नागरिकों को इस समस्या से जूझना होगा। नागरिकों ने समाधान शिविर के माध्यम से भी शासन का ध्यान आकर्षित किया है। समाधान ना होते देख नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

■ समाधान शिविर के आवेदन को ठेंगा दिखा रहे



## तैयारियों में जुटा माहेश्वरी समाज, होंगे विविध सेवा कार्य

# महेश नवमीं पर निकलेगी प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

माहेश्वरी समाज प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ सुदी नवमीं को अपने वंश समाज का उत्तपत्ति दिवस महेश नवमीं को महोत्सव के रूप में मनाता है। इस वर्ष महेश नवमीं 4 जून को मनाई जाएगी। माहेश्वरी समाज इस अवसर पर सेवा, स्वास्थ्य, संस्कार व सम्मान के विभिन्न आयोजन करेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं महेश नवमी महोत्सव संगठन प्रभारी अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य प्रकाश लड्ढा, रायपुर एवं सेवानिवृत न्यायाधीश आरएल झंवर रायपुर होंगे। प्रभारी एवं विशेष अतिथि महिला संगठन से मधु सोमानी, दुर्ग व युवा संगठन से प्रचार प्रसार संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन सतीश चाण्डक सुकमा होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक माहेश्वरी घरों में वितरित करने हेतु महेश ध्वज उपलब्ध करवाया गया है। इस कड़ी में दुर्ग शहर के माहेश्वरी परिवार भी हर वर्ष की तरह महेश नवमी के अवसर पर अपने घरों में महेश ध्वज बांधकर घर की शोभा बढ़ाएंगे। सुबह 7 बजे रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। सुबह खाली पेट रक्त का सैम्पल लिया जाएगा। जिसमें 72 प्रकार के टेस्ट किये जायेंगे। यह शिविर समाज जनों हेतु थायरोकेयर के सहयोग से रियायती दर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व सतर्कता हेतु आयोजित किया गया है। अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अशोक राठी, सचिव डॉ शंकर दम्माणी, अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मण्डल नीतू गाँधी, सचिव अंजली लाखोटिया एवं अध्यक्ष, माहेश्वरी युवा संगठन निखिल भूतड़ा, सचिव कु वर्तिका गाँधी ने अधिक से अधिक समाज जन को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। सभी संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महेश नवमी के सभी आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

■ 72 प्रकार के रक्त टेस्ट किए जाएंगे

### लगेगा रक्तदान शिविर

शहर में निकलेगी प्रभात फेरी इस दिन सुबह 7:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो बाबा रामदेव मंदिर से प्रारम्भ होकर गंजपारा का भ्रमण करते हुए पुनः बाबा मंदिर पहुंचेगा। सुबह 8:30 बजे बाबा मंदिर में अभिषेक एवं आरती होगी। सुबह 10 बजे महेश ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे शासकीय अस्पताल दुर्ग में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण, गंजपारा में शरबत वितरण का कार्यक्रम होगा। सुबह 11:45 को वृद्धाश्रम पुलगांव में भोजन सेवा होगी। दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह का आयोजन होगा। दोपहर 1 से 3 बजे सामूहिक सामाजिक भोज का कार्यक्रम होगा।

## खबर संक्षेप

### सीटू ने मनाया 56 वां स्थापना दिवस

**भिलाई।** हिंदुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन भिलाई द्वारा यूनियन का 56 वा स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया। यूनियन कार्यालय में झंडा फहराया एवं शहीद साथियों को श्रद्धाजलि दी गई। शाम सेक्टर 7 कूर्मी भवन में सांगठनिक कार्यशाला हुई। संगठन के अंदर समन्वय, सदस्यता, बैठके, कर्मियों के बीच संपर्क, ट्रेड यूनियन शिक्षा एवं सीटू के सामने चुनौतियों तथा उसका निदान पर चर्चा हुई। सीटू नेताओं ने कमजोरी को दुरुस्त करने के उपायों को भी सुझाया। कहा कि सीटू हर मोर्चे पर खरा उतरा है और मजदूरों को संगठित कर रहा है। आगे बढ़ता रहा I इसीलिए आज सीटू संघर्ष का पर्याय बन चुका है। सीटू 2014 से आज तक संयंत्र में चार बार मान्यता चुनाव हुए जिसमें सीटू कभी भी वोट के लिए झूठ नहीं बोला। कर्मियों के बीच मजबूत मुकाम हासिल किया है। खोखेल नारों से दूर मजदूर हितैषी कार्यों से कई समस्याएं सुलझाईं हैं।

### 5 जून को जल परिसर से बंटेंगे नि:शुल्क पौधे

**दुर्ग।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर जल परिसर दुर्ग में निशुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा। पौधों का वितरण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी शुरुआत की है। इसे ही आगे बढ़ाते हुए लोगों को पौधों को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए पौधा वितरण कार्यक्रम रखा गया है।

### वरिष्ठ आरक्षकों के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग

**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग व एसएसपी विजय अग्रवाल के द्वारा वरिष्ठ आरक्षकों के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में आयोजित की गई। इस दौरान नवीन कानून, लघु अधिनियम के मामलों की विवेचना को लेकर प्रथम सत्र का शुभारंभ आईजी एसएसपी ने किया। आईजी रामगोपाल गर्ग, ने कहा कि अपराध की विवेचना के ट्रेनिंग के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल व्दारा उन्हें नामांकित किया जाना गौरव का विषय है।

# बच्चों ने सीखा अनुशासन और मिल जुलकर काम करने का सबक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्काउट-गाइड ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-2 में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता और विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

महीनेभर भारत स्काउट गाइड जिला संघ, भिलाई के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बीएसपी के विभिन्न विद्यालयों से 70 विद्यार्थियों ने राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्काउट-गाइड के अनुशासित जीवनशैली, सेवा-भावना और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। जीवन में अनुशासन के महत्व पर बल दिया।

ध्वजारोहण के बाद राज्य गीत हुआ। जिला कमिश्नर (स्काउट) विजय सिंह पवार ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (शिक्षा) एवं मुख्य जिला आयुक्त, शिखा दुबे ने बच्चों से सकारात्मक सोच और नैतिक आचरण का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने बीपी-6, गांठें बाँधने की तकनीक, प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर निर्माण विधि आदि गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

### स्काउट-गाइड ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन



#### बच्चों ने अनुभव बांटे

गाइड सना ने अनुभव साझा किए, जबकि गाइड आराध्या ने योग पर आधारित कविता सुनाई।इस अवसर पर उप महाप्रबंधक आर गर्ग, प्राचार्य रूबी बर्मन राय, कोषाध्यक्ष (स्काउट-गाइड) उर्वशी साहू, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटियार, रेखा पाण्डे, देवेन्द्र कुमार साहू, पवन अग्रवाल, श्री अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आरके गुप्ता, मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक संगीता सागर, पंचराम साहू, जिला संगठन आयुक्त कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू सहित स्काउट-गाइड प्रभारी और प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतलचंद्र शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन जिला कमिश्नर और प्राचार्य, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 की सुमिता सरकार द्वारा किया गया।

## टाउनशिप में बीएसपी व वन विभाग ने लगाए हैं तीस लाख पौधे

# हजारों परिंदों और जीव-जंतुओं के लिए अभयारण्य की तरह है ग्रीन सिटी भिलाई


विमल शंकर झा ▸▸| भिलाई


फटाफट क्रिकेट की तरह सरपट विकास की दौड़ में आम शहरों में हर तरफ तेजी से बढ़ रहे कांक्रीट के जंगलों से प्राणवायु देने वाली हरितिमा धीरे धीरे गायब होती जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग से मौसम परिवर्तन और झुलसा देने वाले तापमान की समस्या बढ़ती जा रही है। लेकिन छत्तीसगढ़ में भिलाई एक ऐसी अनूठी ग्रीन सिटी है, जहां शहर में जंगल है कि जंगल के बीच शहर एकबारगी पता ही नहीं चलता। बीएसपी टाउनशिप में चारों ओर फैले लाखों हरे भेरे दरख्त यहां रहने वाले लाखों निवासियों के लिए ही नहीं बल्कि पचासों परिंदों, जानवरों और जीव, जंतुओं के लिए भी वरदान साबित हो रहे हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के साथ पर्यावरण और जैव विविधता में महती योगदान से कई विलुप्तप्राय प्राणियों सहित सामान्य पक्षियों और पशुओं के लिए भी अपना शहर जंगल में मंगल साबित हो रहा है। पर्यावरण से जुड़े लोगों के मुताबिक भिलाई इस्पात संयंत्र और वन विभाग की हरियाली का यह अनवरथ भागीरथी अभियान अन्य शहरों के लिए एक प्रेरक मिसाल है। उल्लेखनीय है कि 1956 में जब विशालकाय भिलाई इस्पात संयंत्र की बुनियाद रखी गई और 59 में 1 मिलियन टन उत्पादन के साथ फौलादी रहवासियों के लिए दसियों किमी लंबी टाउनशिप निर्माण का आगाज हुआ तो दिल्ली से मास्को तक एक ही चिंता थी कि गगनचुंबी चिमनियों और सिगड़ियों से निकलने वाले काले धुआं भविष्य में समस्या न बन जाए। फिर बीएसपी और वन विभाग के सहयोग से 70 के दशक में आधुनिक भारत के निर्माता पं. नेहरु के औद्योगिक तीर्थ को बतौर सुरक्षा कवच प्रदूषण से बचाने शुरु हुआ पौधारोपण अभियान,जो अब तक जारी है। हरियाली की यह ऐतिहासिक मुहिम प्लांट व टाउनशिप के लाखों रहवासियों के साथ यहां के हजारों पक्षियों, जानवरों, कीट पतंगों व जीवों के संरक्षण और नैसर्गिक विकास के लिए संजीवनी बनी हुई है। लोगों को यह जानकर हैरत हो सकती है कि पिछले 60 साल के दौरान टाउनशिप में लगाए गए करीबन 30 लाख छायादार और फलदार पेड़ों का वातावरण कई प्रजातियों के पक्षियों, पशुओं, सरजीवी व जलचरों के लिए किसी अभयारण्य से कम नही है। आम, नीम, जामुन, जाम, शीशम, बरगद, पीपल इमली, अमलतास, बबूल, पलाश आदि आदि पचासों प्रजातियों के पेड़ों की छाया, फल, रस, पराग, पत्तियों के अहार व रहवास से यहां तोते, कोयल, कौआ, कर्रउआं, कबूतर, तीतर, बटेर, गौरैया, बतख, उलूक, चील, गिद्ध नीलकंठ, जलमुर्गी, बगुला, बुलबुल, चकोर आदि 100 से अधिक प्रजातियों के परिंदे की चहचहाट होती रहती है।

### कुछ विलुप्तप्राय पक्षियों के लिए वरदान साबित हो रहा









#### पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में महती भूमिका

टाउनशिप के लाखों सघन पेड़ों के रहवास में जंगली बिल्ली,गोह,नेवला, लकड़बग्घा,नाग व धामन,असोड़ियां आदि कई प्रजाजियों के हजारों सर्प,गिलहरी, गिरगिट टिट्डे, कीट पतंगों आदि हजारों जीव जंतुओं का संवर्धन और संरक्षण हो रहा है। बीएसपी के महाप्रबंधक उद्यानिकी व मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि बीएसपी व वन विकास निगम द्वारा टाउनशिप में 30 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। यह हरियाली पर्यावरण संरक्षण और तापमान को कम करने के साथ कई जीव जंतुओं के संवर्धन के लिए भी उपयोगी साबित हो रहे हैं। हजारो पक्षी फल खाकर उड़ते हुए बीजों को यहां वहां बिखराते भी हैं जिससे भी पौधे बढ़ रहे हैं।

#### विदेशी परिंदों का भी है मेहमानखाना

टाउनशिप की हरियाली कुछ विदेशी पक्षियों को भी आकर्षित करती है। हर साल सायबेरिया और पड़ोसी देशों से यहां चारे और प्रजनन के लिए मैत्रीबाग जू और मड़ौढा टैंक के निकट पचासों प्रवासी पक्षी आते हैं। पर्यावरण से जुड़े नीरज उइके बताते हैं कि विदेशी पक्षियों के लिए यहां समसीतोष्ण जलवायु और पानी, तथा आहार आदि अनुकूल महौल मिलता है। प्रजनन के बाद मौसम बदलते ही यह लौट जाते हैं।

## मुर्गा चौक के पास टूटी सड़क की जल्द हो मरम्मत, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य महाप्रबंधक से की मांग

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के नाम का ज्ञापन आईआर को ज्ञापन सौंपकर मुर्गा चौक के पास जर्जर सड़क को मरम्मत कराने की मांग की है। भारी वाहनों के कारण रोड के टूट जाने के कारण बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। फ्लाईओवर को भी जल्द मरम्मत कर इसे शुरु किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के जीएम जेएन ठाकुर को सौंपा गए ज्ञापन में बताया कि इक्विपमेंट चौक( मुर्गा चौक) सेक्टर 1 से भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी एवं संयंत्र में जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। इस चौक के पास बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे यहां दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस चौक से भारी वाहनों के आवागमन को देखते कंक्रीट और सरिया का इस्तेमाल कर भारी वाहनों के अनुरूप चौक के पास की सड़क बनाई जाए। साथ ही जल्द मुर्गा चौक पर बने फ्लाई ओवर का मेंटेनेंस कर इसे भारी वाहनों के लिए खोला जाए ताकि यहां भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बच सके। यूनियन ने सिक्सट्री एवेन्यू एवं फॉरेस्ट एवेन्यू में हुए गड्ढों को जल्द भरने व उनके चौड़ीकरण की मांग की है। जीएम ने यूनियन पदाधिकारियों को समस्या के निदान के लिए प्रबंधन से जल्द चर्चा करने का आश्वासन दिया है।प्रतिनिधि मंडल में महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, सहायक कोषाध्यक्ष जीआर सुमन, वरिष्ठ सचिव ज्ञानेंद्र पांडेय, के रमन मूर्ति और सचिव डी शंकर व प्रबंधन से महाप्रबंधक विकास चंद्रा एवं सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित उपस्थित थे।

### बीएसपी में कर्मी घायल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में मंगलवार को फिर एक कर्मचारी घायल हो गया। रेल मिल में फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारी निशांत कुल्लू का इंडेक्स फिंगर फैक्चर हो गया। उनके हाथ में ही फायर एंस्टीग्यूसर जांच के दौरान फट जाने से गंभीर रुप से जल गया है। उन्हें उपचार के लिए मेन मेडिलकल पोस्ट के बाद सेक्टर नौ हास्पिटल ले जाया गया। गौरतलब हो कि बीस साल पूर्व ऐसी ही एक दुर्घटना में अमरनाथ नामक एक फायर ब्रिगेड कर्मचारी की मौत हो गई थी।

### 'कार्यालय गरिमा महिला संकुल संगठन मुरता वि.ख. नवागढ़ जिला बेमेतरा

#### आई.एफ.सी. एंकर भर्ती विज्ञापन

एकीकृत फार्मिंग कलस्टर अंतर्गत आईएफसी एंकर ग्रामीण क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन हेतु फार्म ऑफफार्म एवं नॉनफार्म आजीविका विभिन्न कार्य जैसे एग्रो इकोलॉजिकल पद्धति, मिट्टी के स्वास्थ्य और जल स्तर में सुधार, फसल विविधीकरण और उत्पादकता मे सुधार एवं एग्रीन्यूट्री गार्डन के माध्यम से पोषण में सुधार, पशुधन प्रबंधन, नस्ल में सुधार समय पर पशु चिकित्सा देखभाल और टीकाकरण को अपना कर महिला स्व सहायता समुह सदस्यो मुख्यतः महिला किसानो एवं पशुपालकों के आजीविका स्तर को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कलस्टर संगठन को कियान्वयन एजेंसी के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्य के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु आई. एफ. सी. एंकर की भर्ती की जानी है। जिस हेतु इच्छुक व पात्र उम्मीदवारो के आवेदन आमंत्रित है। उक्त आई.एफ. सी. एंकर की भर्ती पूर्णकालिक के लिए ही होगी। यह भर्तिया पूर्ण रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत गठित गरिमा महिला संगठन मुरता के स्वामित्व के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था कोई संबंध नही है। आवेदन करने प्रारंभिक तिथि 04.06.2025 व अंतिम तिथि 12.06.2025 समय 3 बजे तक केवल पंजीकृत स्पीड पोस्ट / डाक / कोरियर / स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन माध्यम से पता अध्यक्ष / सचिव, गरिमा महिला संकुल संगठन ग्राम पंचायत मुरता पोस्ट मुरता वि.ख. नवागढ़ जिला बेमेतरा पिन कोड 491337 में स्वीकार किये जायेंगे।

IFC **एंकर हेतु आवश्यक अर्हता, मापदण्ड मानदेय व यात्रा भत्ता का विवरण –**

| क्र. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम कार्यानुभव वर्ष | एकमुश्त मासिक मानदेय (रू. में) | यात्रा भत्ता (रू. में) | वांछित अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विषय में स्नातक उपाधि | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता उपरांत फील्ड स्तर पर कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका कार्य का न्यूनतम 01 वर्ष का कार्यानुभव | 30,000/- | 3000/- | 1 यदि कॉलम 2 एवं 3 के अनुसार उम्मीदवारों की अनुपलब्धता होती है तो शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित स्नातक डिग्री के साथ ग्रामीण स्तर एवं कृषि संबंधित कार्य का 02 वर्ष का अनुभव वांछित<br>1ग्रामीण परिप्रेक्ष्य एवं मार्केटिंग में कार्यानुभव को प्राथमिकता<br>1हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में कार्य करने में सक्षम . साथ ही स्थानीय भाषा का ज्ञान हो.<br>1कम्प्यूटर एवं एम. एस. ऑफिस में कार्य करने के दक्ष, हिन्दी अंग्रेजी टाईपिंग आती हो.<br>1रिपोर्ट लेखा एवं डेटा प्रबंधन में दक्षता.<br>1क्षेत्र भ्रमण के लिए आवश्यक समस्त दस्तावेज सहित स्वयं का वाहन (दो पहिया) आर. सी. एवं लाइसेंस. |

1. आयु सीमा - अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो.
2. निवासी - छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी हो / स्थानीय को पहले प्राथमीकता.

**अध्यक्ष / सचिव / कोषाध्यक्ष**
**गरिमा महिला कलस्टर संगठन**
**ग्राम कलस्टर- मुरता**
**वि.खं नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

### सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

**भिलाई।** नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने दस लाख रूपये के लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हमारे नगर में बहुत सारे विकास कार्य तेज गति से हो रहा है। जिसका मूर्त रूप शीघ्र ही दिखेगा और हमारे नगर पालिका जामुल के सभी वर्ग के जनता को इसका लाभ मिलेगा। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करें। साथ ही उप अभियंता को कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने का निर्देश दिया। जिससे कि लम्बे समय तक इन कार्यों का लाभ जनता से मिले। श्री ठाकुर ने बताया कि यह सीमेंटीकरण मार्ग शिवपुरी मुख्य मार्ग से पालिका के पीछे दरवाजे तक बनेगा। हमेशा से कहता आया हूं कि हमारे परिषद के सभी जनप्रतिनिधि के सहमति आम जनता के सुझाव और मांग अनुरूप जामुल में विकास होगा। नगर पालिका के अधिकारी उप अभियंता गण का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

## समरालु पूजन उत्सव में शामिल हुए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव

**भिलाई।** आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के तटवर्ती गांव मेट्टूरु में माता कोण्ड महांकाली माता का उत्साव मनाया जा रहा है। इन उत्सवों को यहां की प्रान्तीय भाषा में सम्बरालू कहा जाता है। इस पावन धार्मिक आयोजन में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर माता की आराधना की। मंगलवार को ग्राम देवी श्री श्री श्री कोडम्मा महाकाली देवी के मंदिर में भव्य पूजा अर्चना का आयोजन किया गया है। इसमें विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए। माता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।



माता की पूजा अर्चना कर हाथ जोड़कर उन्होंने सब की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने आंध्रा समाज के वशिष्ठ व सम्मानित नागरिकों का दिल से आभार जताया और कहा कि अगर वे उन्हें निमंत्रण नहीं दिए होते तो वे इस पावन पर्व में शामिल नहीं हो पाते। यहां आकर देवी माता की पूजा में शामिल होकर ऐसे लगा जिसका बया करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। आप को बता दे कि यहां आसपास अक्कूपल्ली, मेट्टूरू सहित कई गांव है। जहां के लोग भिलाई में रहते है। उनका परिवार इन गांवों में बसते है। उन सब से मुलाकात करने पहुंचे। विधायक श्री यादव बारी बारी से सभी से मिले। सब का कुशल क्षेम जाना। बड़ों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

## वैशाली नगर में विकास कार्यों का आयुक्त ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 के वार्डों में हो रहे विकास कार्यो का निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने निरीक्षण किया। यहां प्रमुख रूप से राम नगर में पानी टंकी का निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में चर्चा की। पानी टंकी का निर्माण समयवाधि के अन्दर हो जाना चाहिए। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को प्रयाप्त मात्रा में पीने का पानी मिल सके। अभी पानी का प्रेशर कम होने से समस्या हो रही है ।गौरव पथ के समीप निर्मित मंगध तेली सामाज द्वारा सार्वजनिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसे वहा शादी विवाह, पार्टी के लिये किराये में देता है। प्रारंभिक रूप से देखने में लगा की आबंटित भूखण्ड से अतिरिक्त सार्वजनिक भूखण्ड मे कब्जा कर करके बनाया गया है। कुछ नाले की जमीन भी दबा दी गई है। भवन का किराया प्रतिदिन 75000 रूपये के हिसाब से किराये लिया जा रहा है। प्लाट का सीमांकन करने के लिये भवन अधिकारी को निर्देशित किये।

#### पार्षद ने उठाया अतिक्रमण का मुद्दा

पार्षद संजय सिंह द्वारा जानकारी दी गई की बहुत सारे नाली के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे नाली की सफाई करने में परेशानी हो रही है। मै स्वयं सबके पास चलकर के नाली के ऊपर से कब्जा हटावाने मे सहयोग करूगा। कुछ लोगों के कारण सभी को समस्या का समाना करना पड़ रहा है। आयुक्त पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किया कि नाली के ऊपर अतिक्रमण को हटाते समय यह ध्यान दिया जाये कि, जितने से काम चल सके, सफाई अच्छी तरह से हो सके उतना ही तोड़ा जावे। किसी को भी अनावश्यक परेशानी का समाना नहीं करना पड़े।



### विकसित किसान के मंत्र को साकार करने का दायित्व हम सभी पर : विधायक दीपेश

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान मेला-सह संगोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसान मेला सह संगोष्ठी का आयोजन टाउनहॉल, कंतेली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू एवं विधायक साजा ईश्वर साहू ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया उप-संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने स्वागत भाषण में कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को नई तकनीक से जोड़ना एवं उनकी आय को दोगुना करना है। उन्होंने जिले की फसल की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष बेमेतरा जिले में धान, चना एवं दलहन की फसलें प्रमुखता से ली जा रही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले के किसानों ने पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक रकबे में खेती की है, जिससे कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना है।

■ किसानों को कृषि सामग्री का वितरण किया



विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि किसान मेला सह संगोष्ठी जैसे आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की किसानों के प्रति संवेदनशील सोच का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी उन्नति के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। श्री साहू ने किसानों से अपील की कि वे अपनी खेती में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें और वैज्ञानिक तरीकों से फसल उत्पादन बढ़ाएँ। श्री साहू ने कहा कि जल संकट को देखते हुए कम पानी वाली फसलें अपनानी चाहिए, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के "विकसित भारत – विकसित किसान" के मंत्र को साकार करने का दायित्व हम सभी पर है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की पीड़ा समझती है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने किसानों को पेड़ लगाने और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

विधायक साजा ईश्वर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन से अपनी खेती में सुधार करना चाहिए। कम पानी की फसलों को अपनाकर वे जल संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने किसानों को हस्त चलित स्प्रे , बीज किट आदि का वितरण किया । लोक कलाकारों द्वारा जल संकट और कम पानी की फसल लेने रोचक ढंग से संगीत नृत्य के ज़रिए किसानों को समझाया । कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, प्रवेश वर्मा,कृषि विज्ञान केंद्र के तोषण कुमार ठाकुर और डॉ . हेमलता निराला जोशी ने किसानों की खेती किसानी की समस्याओं का समाधान किया । साथ ही खेती किसानी से जुड़ी सावधानियों और धान के बदले कम पानी की फसलों के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, जितेंद्र साहू (साजा) खोरबहरा राम साहू (नवागढ़) सहित कई जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में किसान एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत बीज, जैविक खेती, फसल सुरक्षा एवं बाजार व्यवस्था की जानकारी दी।

# ग्राम सोमईकला में विकसित कृषि संकल्प अभियान, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा



विकसित कृषि संकल्प अभियान में 3 जून को ग्राम सोमईकला विकासखंड साजा में चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम की सरपंच इन्द्राणी साहू , फागुराम साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सोमईकला उपसरपंच नरेश वर्मा और उपस्थित वरिष्ठ कृषक दीनदयाल साहू, महादेव वर्मा, रामदिन साहू, रामकुमार साहू द्वारा सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात कृषि विकास अधिकारी शशि शेखर साहू ने क़ृषि विभाग में संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी कृषकों को दी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. जितेन्द्र जोशी , मनीषा कश्यप सहायक प्राध्यापक साजा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हर्षराज चौहान, भुजबल सिंह, पुरजीत साहू, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. अभिषेक एवीएफओ मत्स्य निरीक्षक सुमन चंद्रवंशी, प्रगतिशील कृषक रोहित पटेल के साथ कृषक मित्र घनश्याम साहू, नूतन साहू, प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रतिनिधि, ग्राम सोमईकला एवं संबलपुर चिल्फी के कृषक उपस्थित रहे।

# विष्णु सरकार योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा रहीः मधु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

ग्राम पंचायत तेरा में मंगलवार को चावल उत्सव तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय राशन का वितरण सुनिश्चित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास जताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है। जनकल्याण की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाना ही हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य तेज़ी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है। मधु रॉय ने कहा कि चावल उत्सव जैसे कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे योजनाओं का लाभ लें और जागरूक नागरिक बनकर अपने अधिकारों की रक्षा करें।

### जनप्रतिनिधियों ने जताई प्रतिबद्धता

ग्राम पंचायत तेरा की सरपंच देववती साहू ने कहा कि पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी हितग्राहियों को विश्वास दिलाया कि उन्हें राशन एवं अन्य सुविधाएँ समय पर मिलेंगी।

ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम में जनपद सदस्य लाखन कोहली और पंचायत के उपसरपंच अनूप ध्रुव सहित पंचगण रामाधार साहू, रोहित साहू, राकेश साहू, दीवाकर साहू, हरिश्चंद्र निषाद, बुसलाल यादव, सत्यवती साहू, सुमन साहू, बिनोद ध्रुव, ओमकार साहू, पवन साहू संचालक, अशोक साहू उपसंचालक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 20 अप्रैल 2025 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिलेवार परीक्षा परिणाम की सूची आज विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक रूप से किया जाएगा। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध परिणाम में अपने नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर लें। यदि किसी आवेदक को प्रदर्शित जानकारी में कोई त्रुटि प्रतीत होती है, तो वह स्वयं उपस्थित होकर अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डाक या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त दावा-आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में हरित स्वच्छता अभियान शुरू

**कवर्धा।** प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में हरित स्वच्छता अभियान राज्य स्तर पर शुरू हो गया है। इसके तहत जिलेवासियों को प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए प्रेरित और जागरूक किया जाएगा। पूरे जिले में यह अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए गठित दल को जिला भ्रमण के लिए रवाना किया जा रहा है।

# अखंड हिंदू राष्ट्र स्थापित करने सिघौरी में किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



सिघौरी के शीतला चौक स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को सामूहिक रूप से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य भारत को अखंड हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की भावना को जन-जन तक पहुँचाना बताया गया।

■ संस्कार, यज्ञ, शिक्षा और सभ्यता की भावना जागृत करने का लिया संकल्प

आयोजकों ने बताया कि जब तक हिंदू समाज अपने गाँव, शहर और देश में धार्मिक आयोजनों, संस्कार, यज्ञ, शिक्षा और सभ्यता को आत्मसात नहीं करेगा, तब तक हिंदू राष्ट्र की कल्पना अधूरी रहेगी। इस अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गौ रक्षा को भी एक विशेष अभियान के रूप में चलाने पर जोर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर वक्ताओं ने युवाओं को नशा, पाश्चात्य संस्कृति और संस्कारों से दूर होने से हो रहे सामाजिक विघटन पर चिंता जताई। उन्होंने हर परिवार में सामूहिक रात्रिभोज की परंपरा शुरू करने की भी अपील की, ताकि परिवार और समाज में एकजुटता बनी रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शत्रुहन सिंह साहू (प्रदेश उपाध्यक्ष, आदित्य वाहिनी छत्तीसगढ़), हितेंद्र साहू, नानक साहू, रामराज्य शास्त्री, दीना राम साहू, रोशन दत्ता, दादू महाराज (पुजारी), विनोद राघव, कृष्ण कुमार साहू, कमला साहू, देवमति रजक, अनिल वैष्णव, नरेश साहू, दिनेश साहू, प्रमोद दास मानिकपुरी, त्रिवेणी साहू, ऋतु मानिकपुरी, दीना साहू, ऋषभ साहू, तनु साहू, अनु साहू, नारद साहू, कुणाल साहू सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर न्यू कल्पना रेस्टोरेंट पर जुर्माना



**कवर्धा।** शहर के बस स्टैंड स्थित न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में गंदगी फैलाने और सड़क पर कचरा फेंकने की शिकायत पर नगरपालिका की खाद्य सुरक्षा टीम ने सख्त कार्रवाई की। जांच के दौरान रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने मौके पर ही रेस्टोरेंट संचालक पर 1000 रूपए का जुर्माना लगाया और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की कड़ी चेतावनी दी। नगरपालिका प्रशासन ने साफ कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, नगरपालिका अधिकारियों ने दुकानदारों और रेस्टोरेंट संचालकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही फेंकें, अन्यथा जुर्माना और सख्त दंड के लिए तैयार रहें। नपा प्रशासन के मुताबिक शहर के बस स्टैंड के इंदिरा चौक में संचालित न्यू कल्पना रेस्टोरेंट द्वारा विगत दिनों पीडब्ल्यूडी रायपुर बिलासपुर बायपास निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में दुकानदार द्वारा नाश्ता और बिस्किट सप्लाई किया गया था जो एक्सपायरी हो चुके थे जिसे ध्यान में रखते हुए आज नगर पालिका व खाद्य टीम ने न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में दबिश दी। खाद्य टीम ने पाया कि रेस्टोरेंट में गंदगी व्याप्त है तथा रेस्टोरेंट की गंदगी व कचरों को सड़क में खुलेआम फेंका जा रहा था जांच टीम ने न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में व्याप्त गंदगियों को देखते हुए 1000 का जुर्माना करते हुए रेस्टोरेंट संचालक को चेतावनी दी तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा।

## वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण पर की कार्रवाई, आरोपी भेजे गए जेल



**कवर्धा।** वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत चतरी परिसर के कक्ष क्रमांक पीएफ 527 में अवैध अतिक्रमण की सूचना पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली कराया। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार जोशी के नेतृत्व में की गई। प्रकरण में ग्राम मंगली, थाना कुकदूर निवासी मानसिंह, पिता सूतन गोड़ के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को 3 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंडरिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जिले में वन भूमि पर अवैध कब्जा और पेड़ों की कटाई की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसे मामलों पर समय रहते कठोर कार्रवाई आवश्यक है, जिससे वनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आमतौर पर वर्ष भर में कुछ ही मामलों में इस तरह की कठोर कार्रवाई देखने को मिलती है, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे प्रत्येक मामले में तुरंत कार्रवाई हो, ताकि जंगल और वन्य जीवों का संरक्षण किया जा सके। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) एवं (पश्चिम) के वन अमले द्वारा संयुक्त रूप से सहयोग किया गया।

# दुर्जनपुर में कृषि विभाग ने किसानों के लिए आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम दुर्जनपुर में गत 2 जून को कृषि विभाग के उप संचालक अमित मोहति के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया।

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के मंशा अनुरूप यह शिविर किसानों को नई तकनीक की जानकारी, उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, उर्वरक के संतुलित उपयोग इत्यादि पर आधारित था। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी से कृषि वैज्ञानिक डॉ बीबीएस परिहार द्वारा किसानों को कृषि की नई तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विभाग से व्हीके यादव (एसएडीओ) के द्वारा कृषि विभाग से संचालित समस्त योजनाओं को विस्तार से बताया गया तथा पीएम किसान योजना से लाभ लेने सभी पात्र किसानों को 100 प्रतिशत लाभान्वित करने प्रेरित किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि मोहन धुर्वे भाजपा मंडल अध्यक्ष बोड़ला , निलेश गड़ेवाल सरपंच प्रतिनिधि, तुलसीराम जनपद सदस्य प्रतिनिधि, घनाराम पूसाम सरपंच मुड़घुसरी जंगल, कृषि विभाग से पंकज दिल्लीवार एडीओ, उद्यानकी विभाग से आकाश डड़सेना, मत्स्य विभाग से निलेश चंद्रवंशी, पशु विभाग से एमएम सिंग पोसवाल, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विभाग अधिकारी एमएस मरकाम, उत्कृष्ट कृषक मोहन सिंह, गौतम सिंह, गंगाराम बैगा, बिहारी राम बैगा, मडीराम बैगा, मनराखन गड़ेवाल सहित आसपास के किसान व ग्रामीणों की उपस्थित थे।

# भागवत कथा के प्रथम दिवस निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा



सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम टाटीकसा में श्रीमद् भगवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस आयोजक परिवार एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा भागवत भगवान के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भागवत कथा व्यास पंडित पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री महराज भागवत मानस, रूसे पंडरिया वाले एवं परायण कर्ता गोवर्धन प्रसाद त्रिपाठी पंडरिया वाले है। अर्जुन प्रसाद तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, टिकेंद्र प्रसाद तिवारी, सूरज तिवारी, मुन्नालाल तिवारी, गोमती प्रसाद तिवारी, शिवपाल तिवारी एवं समस्त हथिया पारसी तिवारी परिवार के द्वारा श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम टाटीकसा सहसपुर लोहारा से पूर्व में 15 किलोमीटर की दूरी पर एवं बीरेंद्रनगर से मात्र 03 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### शिक्षक सांझा मंच ने किया ऐलान, मांगों को लेकर जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

# शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर विगत दो जून से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन शिक्षकों ने पदांकन के लिए आयोजित काउंसिलिंग का जमकर विरोध किया। साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा एवं प्रांतीय उप संचालक सीडी भट्ट के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती चौक के पास स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित काउंसिलिंग का विरोध करने के लिए प्रातः 8 बजे से एकत्र हो गए थे। त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष घोषित शिक्षकों का कॉउंसलिंग प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होना था, लेकिन शिक्षकगण ने कॉउंसलिंग का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कॉउंसलिंग के लिए आये शिक्षक भी शिक्षक साझा मंच का साथ देते हुए वे भी नारेबाजी करने लगे, जिसके चलते कॉउंसलिंग समय पर प्रारम्भ नहीं हो सका। कॉउंसलिंग के विरोध को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक साझा मंच के जिला संचालकों से भी चर्चा किया, लेकिन बात नहीं बन पाया। तत्पश्चात भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कॉउंसलिंग विलंब से प्रारम्भ हुआ। शिक्षक साझा मंच ने स्पष्ट किया है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा, जिले के शिक्षकों से पांच जून को प्रातः 11 बजे स्थानीय राजमहल चौक स्थित धरनास्थल में उपस्थित रहने का आव्हान किए हैं।

### जिले में 1499 शिक्षकों के पद हमेशा के लिए समाप्त

जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सेटअप 2008 में निर्धारित पदों के विपरीत किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से जिले में शिक्षक संवर्ग के 1499 पद हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया है, जिसमें सहायक शिक्षक के 973, शिक्षक के 486 एवं व्याख्याता के 40 पद शामिल है।

### पहली बार भारी पुलिस फोर्स की उपस्थिति में शिक्षा विभाग ने कराई कॉउंसलिंग

जिले में शिक्षा विभाग में शिक्षकों के नियुक्ति, पदोन्नति, युक्तियुक्तकरण आदि के लिए कई अवसर आए हैं, जिसमें पदांकन के लिए कॉउंसलिंग की आवश्यकता पड़ा है, लेकिन उसमें पुलिस फोर्स की आवश्यकता नहीं पड़ा है। यह पहला अवसर है जिसमें भारी संख्या में पुलिस की मौजूदगी में शिक्षकों का कॉउंसलिंग किया गया।

### मोटर साइकिल व ट्रैक्टर की भिड़ंत मितानिन सहित ग्रामीण घायल

**कुकदुर।** जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुर मोड़ के पास बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार मोटर सायकल तथा ट्रैक्टर के बीच हुई जोरदार भिडंत में मोटर सायकल सवार एक महिला सहित चालक ग्रामीण घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची भावना सेवा संस्थान की एम्बुलेंस से दोनो घायलों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर ग्राम कांदावानी निवासी स्वास्थ्य विभाग की मितानिन कार्यकर्ता कुंवारिया बाई अपने किसी परिचित के साथ सोल्ड मोटर सायकल में सवार होकर डाक जमा करने कुकदुर जा रही थी।

